एक नजर में

जेमिमा रोड्रिग्स ने लीड की सुपर मारियो मुंबई परेड

इंदौर . यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया ने मुंबई की सड़कों पर मारियो की दुनिया को जिंदा कर दिया। यह 'मारियो मुंबई परेड' के जरिए हुआ . यह जश्न इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक, 'द सुपर मारियो गैलेक्सी मूवी' के लिए था . फिल्म 3 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है . इस तरह के पहले सेलिब्रेशन में शहर पूरी तरह मारियो के रंग में रंग गया। 100 से ज्यादा फैंस लाल रंग की मारियो-थीम्ड टी-शर्ट पहनकर सड़कों पर उतरे . परेड छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से आजाद मैदान तक निकली। इसने मुंबई को सुपर मारियो की दुनिया जैसा बना दिया। हर तरफ रंग, एनर्जी और फ्लेट्स-ए-गो फ्ल वाले मोमेंट्स दिखे . इस पूरे आयोजन की अगुवाई जानी-मानी क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स ने की . इवेंट को लेकर वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर डेंज़िल डायस ने कहा कुछ खुशियां ऐसी होती हैं जो सबको एक साथ जोड़ती हैं . जैसे क्रिकेट मैच में पूरा देश एक साथ सांस रोक लेता है . या सिनेमा हॉल में अजनबी लोग एक साथ हंसते हैं . 'द सुपर मारियो गैलेक्सी मूवी' वही एहसास लेकर आती है . हम चाहते थे कि भारत में इसका जश्न भी वैसा ही हो . जेमिमा इस भावना को अच्छी तरह समझती हैं। वह लोगों को जोड़ती हैं . आज वही एहसास सड़कों पर देखने को मिला .

एलजीई ने रिन्यूएबल एनर्जी की ओर अपने कदम तेज किए

इंदौर . एलजीई इंडिया ने हिंदुजा रिन्यूएबल्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और सनश्योर एनर्जी के साथ, अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के विस्तार की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, दीर्घकालिक सोलर पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं . एलजीई इंडिया अपनी ग्रेटर नोएडा और पुणे मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं के लिए सौर ऊर्जा प्राप्त करेगा, जिससे उसके कार्बन फुटप्रिंट में कमी आएगी और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग की ओर उसका कदम मजबूत होगा . एलजीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर एंड चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर श्री हांग जू जियोन ने कहा यह प्रोजेक्ट एलजीई इंडिया के लिए एक निर्णायक पड़ाव है, जो देश में हमारे पहले कैप्टिव रिन्यूएबल ऊर्जा प्रोजेक्ट को दर्शाता है और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में हमारे निर्णायक कदम को मजबूत करता है . यह आरई 100 पहल के तहत 100 प्रतिसत रिन्यूएबल ऊर्जा प्राप्त करने की दिशा में हमारे बदलाव 22सहित एलजी की वैश्विक सस्टेनेबिलिटी प्रतिबद्धताओं के साथ मजबूती से मेल खाता है . हमारे ऑपरेशंस को शक्ति देने के अलावा, ये सहयोग 2070 तक भारत की नेट-जीरो महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में हमारे योगदान को भी मजबूत करते हैं और जिम्मेदार मैन्युफैक्चरिंग की ओर हमारी यात्रा को गति देते हैं .

अमेजन बिजनेस खरीदी को आसान बनाने में कर रहा मदद

इंदौर . अमेज़न बिज़नेस का 'एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर' सेल 2026 अब लाइव है, जिससे व्यवसायों को कई अलग-अलग कैटेगरी में साल के अंत में अपनी खरीदारी की योजना बनाने और उसे पूरा करने का अवसर मिल रहा है . लैपटॉप और टैबलेट से लेकर ऑफिस फर्नीचर, औद्योगिक सप्लाइज और किचन उपकरण तक, ग्राहक एसर, एचपी, लेनोवो, बॉश, हैवेल्स, नॉइज़, बोट जैसे ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर पा सकते हैं . चुनिंदा कैटेगरी में प्रीपेड ऑर्डर पर 9,999 रुपये तक का अतिरिक्त कैशबैक और 30 दिनों का इंस्टेंट ब्याज-मुक्त क्रेडिट उपलब्ध है, जिसे 12 महीनों तक कम ब्याज दर पर बढ़ाने की सुविधा भी मिलती है, वह भी बिना किसी छिपी लागत के . अमेज़न बिज़नेस ने बिज़नेस ग्राहकों के लिए खरीद प्रक्रिया को तेज़ और आसान बनाने के लिए एआई का उपयोग किया है . नए ग्राहकों के सत्यापन समय में लगभग 30% की कमी आई है, जिससे नए व्यवसाय कुछ ही मिनटों में वेरिफाई होकर खरीदारी शुरू कर सकते हैं . यह प्लेटफॉर्म ग्राहकों के खरीद इतिहास, उद्योग और खरीद व्यवहार के आधार पर व्यक्तिगत उत्पाद सुझाव, डील्स और क्रेडिट विकल्प भी प्रदान करता है, जिससे व्यवसायों को उनकी विशेष जरूरतों के अनुसार प्रासंगिक जानकारी मिलती है .

दीपक विभाकर नाईक को रक्तदान सेवाओं के लिए देवार्थ अवॉर्ड

इंदौर . मंगलवार को एडवांस्ड एकेडमी में वर्ष 2026 के देवार्थ अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया . एडवांस्ड एकेडमी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दीपक विभाकर नाईक रक्तदीप को ऑन पेपर 152 बार रक्तदान करने, रक्तदान जागरूकता एवं सामाजिक सेवाओं के लिए कंपेशेनेट कॉन्ट्रिब्यूटर टाइटल के साथ सम्मानित किया गया . ये सम्मान उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल राहुल भौरास्कर ने एकेडमी की डायरेक्टर टिम्सी राय की उपस्थिति में प्रदान किया . सम्मान के रूप में उन्हें ट्रॉफी और अभिनंदन पत्र भेंट किया गया इस अवसर पर स्कूल का स्टॉफ और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे .

एक्सिस बैंक स्थानीय प्रजाति के पौधे लगाने में कर रहा मदद

इंदौर . एक्सिस बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के मौके पर, मध्य प्रदेश में चल रही लैंडस्केप (परिदृश्य) बहाली की पहलों का नेतृत्व कर पर्यावरण संबंधी वहनीयता और जैव विविधता संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है . इन प्रयासों के ज़रिये 2022 से 2030 के बीच, राज्य के ज़्यादा पारिस्थितिक रूप से कुछ सबसे महत्वपूर्ण वन क्षेत्रों में, 750 हेक्टेयर से ज़्यादा ज़मीन पर 5 .25 लाख से अधिक पौधे लगाने की योजना के साथ बड़े पैमाने पर पर्यावास (हैबिटैट) बहाली को बढ़ावा दिया जा रहा है . इस पहल का मुख्य उद्देश्य है, क्षरित (खराब) हो चुके वन पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना, खास तौर पर उत्तरी शहडोल वन प्रभाग और बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य (टाइगर रिज़र्व) में, जो पारिस्थितिकी के लिहाज़ से महत्वपूर्ण मध्य भारतीय बाघ परिदृश्य (लैंडस्केप) का हिस्सा हैं . एक्सिस बैंक के समूह कार्यकारी होलसेल बैंक कवरेज, कॉर्पोरेट वेतन, वहनीयता और सीएसआर, विजय मुलबागल ने ज़ोर देकर कहा एक्सिस बैंक का मानना है कि क्षरित वन क्षेत्र को बहाल करना पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के साथ-साथ समुदाय के उत्थान पर केंद्रित अवसर भी है . पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली से जुड़े हमारे प्रयास जैव विविधता की रक्षा करने के साथ-साथ उन समुदायों की भी मदद करने के लिए तैयार किए गए हैं जो अपनी आजीविका के लिए इन पारिस्थितिकी तंत्रों पर निर्भर हैं .

एक्सिस बैंक बना टेस्ला का प्राथमिक फाइनेंसर

इंदौर . एक्सिस बैंक ने घोषणा की है कि वह टेस्ला के लिए पसंदीदा फाइनेंसर (वित्तपोषक) बन गया है, जो टेस्ला के ग्राहकों को उनकी ज़रूरत के अनुरूप फाइनेंसिंग समाधान और वाहन खरीद का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा। यह गठजोड़, पर्यावरण अनुकूल वाहन अपनाने की रफ्तार बढ़ाने में मदद करने के लिए नवोन्मेषी, ग्राहक केंद्रित वित्तपोषण समाधान प्रदान कर भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार के प्रति एक्सिस बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है . यह गठजोड़ देश भर में लागू होगा और इसके तहत बड़े महानगरों तथा उभरते इलेक्ट्रिक हब के ग्राहकों को विश्वसनीय तरीके से टेस्ला कार खरीदने के लिए आसान, डिजिटल प्रक्रिया आधारित ऋण विकल्प मिलेंगे . एक्सिस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, मुनीश शारदा ने इस गठजोड़ पर अपनी टिप्पणी में कहा, भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का तेज़ी विस्तार हो रहा है, ऐसे में एक्सिस बैंक को इस प्रक्रिया को तेज़ करने में मदद करने के लिए टेस्ला के साथ गठजोड़ करने पर गर्व है . इस गठजोड़ के ज़रिए, हम नवोन्मेषी, ग्राहकों की व्यक्तिगत ज़रूरत के अनुरूप ऋण समाधान मुहैया कराकर वैश्विक स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन को आसानी से हासिल करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं . इससे ग्राहकों के लिए सुविधाजनक तरीके से बैंक के लचीले समाधान के ज़रिये पर्यावरण अनुकूल वाहन खरीदना सुविधाजनक हो जाएगा .

शिवकृपानंद स्वामी की वर्ल्ड मेडिटेशन एक्सपर्ट कमेटी में नियुक्ति

इंदौर . हिमालयन समर्पण ध्यानयोग के संस्थापक शिवकृपानंद स्वामी को, वर्ल्ड मेडिटेशन फाउंडेशन ने अपनी प्रतिष्ठित वर्ल्ड मेडिटेशन एक्सपर्ट कमेटी में सदस्य के रूप में शामिल किया है . यह नियुक्ति भारत की आध्यात्मिक परंपरा और उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है . स्वामीजी के गहन आध्यात्मिक ज्ञान और मानवता के प्रति निरंतर सेवा को देखते हुए, वर्ल्ड मेडिटेशन डे कमेटी और जंगटो सोसाइटी ने उन्हें दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित जंगटो सोशल एंड कल्चरल सेंटर में आयोजित सेकंड 'वर्ल्ड मेडिटेशन डे' फोरम में विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया है . हिमालय में अनेक वर्षों की कठोर साधना से प्राप्त दिव्य ज्ञान को स्वामीजी, जिनका एक केंद्र गांधीनगर (गुजरात) के निकट महुडी रोड पर भी स्थित है, पिछले 31 वर्षों से समाज तक पहुंचा रहे हैं। विश्वभर में फैल रहे आज 72 देशों के साधक हिमालयन समर्पण ध्यान की साधना से आध्यात्मिक और सर्वांगीण प्रगति का अनुभव कर रहे हैं—जो उनके वैश्विक प्रभाव का सशक्त प्रमाण है . यह सम्मान ऐसे समय आया है जब हश्वस्ष्ह ने 21 दिसंबर को 'वर्ल्ड मेडिटेशन डे' के रूप में मान्यता दी है—जो वर्ल्ड मेडिटेशन फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

आंकड़ों में संरचनात्मक विकास, लेकिन जमीनी हकीकत में कमी

- मध्यप्रदेश के विकास पर मंथन : चुनौतियां और समाधान पर हुआ महत्वपूर्ण सम्मेलन
- मध्यप्रदेश के विकास मॉडल की तलाश में जुटे विशेषज्ञ

नवभारत न्यूज

इंदौर. मध्यप्रदेश के समग्र विकास की दिशा में नीतिगत चिंतन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इंदौर डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा मध्यप्रदेश के विकास की चुनौतियां एवं समाधान विषय पर बुधवार को एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया. यह सम्मेलन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग, खंडवा रोड स्थित परिसर में संपन्न हुआ.

सम्मेलन में विषय विशेषज्ञों, उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और प्रदेश के प्रबुद्ध नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की. विभिन्न सत्रों में प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दों पर गहन चर्चा हुई, जिसमें विकास की गति को प्रभावित करने वाली चुनौतियों और उनके व्यावहारिक समाधान पर विचार-विमर्श किया गया. यह सम्मेलन प्रदेश के समावेशी और संतुलित विकास के लिए सामूहिक चिंतन और ठोस पहल का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अमिताभ कुंडू ने 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर पुनर्विचार की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यदि आबादी के सही आंकड़ों के आधार पर संसाधनों का वितरण होता, तो मध्य प्रदेश को उसका उचित हिस्सा मिल सकता था. उन्होंने बताया कि राज्य की एसडीपी वृद्धि दर 11.8% है, जो राष्ट्रीय औसत 8% से अधिक है, लेकिन संरचनात्मक विकास की कमी अब भी स्पष्ट है. राज्य में उद्योगों से रोजगार केवल 4% है और एफडीआई 1% से भी कम है. मनोहर देव एवं प्रो. रेखा आचार्य ने समापन उद्बोधन दिया.

नीतिगत असंतुलन दूर करें-पूर्व राज्यपाल वी.एस. कोकजे ने अर्थव्यवस्था में व्याप्त विरोधाभासों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि एक ओर सरकार राजस्व बढ़ाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर शराबबंदी जैसे कदमों की चर्चा होती है. उन्होंने शहरों की ओर पलायन रोकने और नीतिगत असंतुलन दूर करने पर जोर दिया.

शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर ध्यान देने की आवश्यकता-पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की कमजोरियों को रेखांकित करते हुए कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय देश के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल नहीं है, जो चिंता का विषय है. उन्होंने बताया कि प्रदेश में हर साल लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया जा रहा है और 30-40 हजार करोड़ रुपये ब्याज में खर्च हो रहे हैं. शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई.

कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन नहीं हो रहा-अर्थशास्त्री गणेश कावड़िया ने कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों को सराहा और कहा कि जहां उत्पादन तीन गुना बढ़ा है और राज्य ने कई बार कृषि कर्मण पुरस्कार जीता है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन राज्य में नहीं हो रहा, जिससे आर्थिक लाभ अन्य राज्यों को मिल रहा है.

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय शासन को सशक्त बनाएं

कार्यक्रम में डॉ . डी .के . वर्मा ने शोध और सामाजिक विज्ञान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए युवाओं को प्रश्न उठाने के लिए प्रेरित किया . वहीं, यतीन्द्र सिंह सिसौदिया ने गरीबी, बेरोजगारी और असमानता पर काम करने तथा ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया . डॉ . सिसोदिया ने तृणमूल सुशासन और ग्रामीण विकास पर जोर देते हुए एकीकृत पंचायत राज व्यवस्था और पंचायतों में महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व की चर्चा की . उन्होंने पेसा कानून 1997 के महत्व को रेखांकित किया और इसके नियमों के निर्धारण में हुई देरी को चिंता का विषय बताया . उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वास्तविक बदलाव के लिए स्थानीय शासन को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है .

आयुष मंत्री से डॉ . द्विवेदी की रिसर्च सेंटर और सेंटर फॉर एक्सक्लेंस इन होम्योपैथी पर चर्चा

इंदौर. भारत सरकार के आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव के इंदौर आगमन पर इंदौर एयरपोर्ट पर हुई मुलाकात में एनीमिया जागरूकता जन-आंदोलन, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में प्रस्तावित होम्योपैथी रिसर्च सेंटर एवं सेंटर फॉर एक्सक्लेंस इन होम्योपैथी की स्थापना को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई.

इस अवसर पर केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक सलाहकार मंडल के सदस्य एवं वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी ने आयुष मंत्री को अभियान की जानकारी दी. साथ ही विश्वविद्यालय की में हो रहे विकास कार्यों से अवगत कराते हुए सहयोग का आग्रह किया. डॉ. द्विवेदी ने बताया कि इंदौर से शुरू हुआ एनीमिया जागरूकता अभियान अब तक 20 लाख से अधिक लोगों तक पहुंच चुका है. एनीमिया जागरूकता रथ के माध्यम से घर-घर जाकर जागरूकता फैलाई गई. डॉ. द्विवेदी ने बताया कि डीएवीवी में सीसीआरएच के सहयोग से होम्योपैथी रिसर्च सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है और शीघ्र ही एमओयू होने की संभावना है. आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय से आयुष मंत्रालय को सेंटर फॉर एक्सक्लेंस इन होम्योपैथी के रूप में विकसित करने हेतु प्रस्ताव भेजा जाए और आश्वासन दिया कि इस दिशा में आयुष मंत्रालय, केंद्र सरकार पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी.

वेस्ट से बनाई कलाकृतियां, चौराहों पर लगाएंगे

- निगम की गांधी हाल में वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी
- प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम द्वारा स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने और वेस्ट मैनेजमेंट के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु वेस्ट से आर्ट, टैलेंट से पहचान थीम पर आरआरआर टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें शहर के स्कूल, कॉलेज, निजी संस्थान, स्टार्टअप्स ने भाग लिया. प्रतियोगिता में आई 29 से अधिक कलाकृतियों को गांधी हाल में आयोजित प्रदर्शनी में रखा गया.

कार्यक्रम में निगम आयुक्त क्षितिज सिंगल, स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ला और अपर आयुक्त प्रखर सिंह द्वारा चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर क्रिएटिवएज इंस्टिट्यूट, द्वितीय स्थान पर

डीएसआईएफडी एवं तृतीय स्थान पर इंदौर आर्ट गैलरी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. अन्य प्रतिभागियों जिसमें एनडीपीएस लोकमान्य स्कूल, चोइथराम स्कूल एवं अन्य संस्थाओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर जल गंगा संर्वधन अभियान के अंतर्गत नागरिकों शपथ दिलाई गई एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संग्रहण के महत्व को समझाया गया. स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ला ने बताया कि वेस्ट मैनेजमेंट के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु वेस्ट से आर्ट, टैलेंट से पहचान थीम पर आर.आर.आर. टैलेंट प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न कलाकार एवं संस्थाओं के माध्यम से 29 प्रविष्टियां प्राप्त हुई. इसमें वेस्ट से बनाए गए टाइगर, गमला स्टैंड, सेल्फी स्टैंड और अन्य कलाकृति शामिल है. श्रेष्ठ कलाकृतियों को गांधी हाल में प्रदर्शनी में रखा गया. इन चयनित कलाकृतियों को शहर के विभिन्न चौराहों और उद्यानों में लगाया जाएगा ताकि इंदौर शहर के टैलेंट को नागरिक देख सके.

शहर के चिन्हित स्थानों पर लगाएंगे : निगमायुक्त

आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि वेस्ट से आर्ट का निर्माण करने की उद्देश्य से निगम द्वारा आयोजित 3 आर टैलेंट में शहर के संस्थान एवं कलाकारों द्वारा वेस्ट से बहुत ही अच्छी अच्छी कलाकृति बनाई गई है . यह इंदौर की प्रतिभा को प्रदर्शित करती है . इन अलग-अलग कलाकृतियों को इंदौर शहर के चिन्हित स्थानों पर लगाया जाएगा ताकि शहर के नागरिकों भी इंदौर की प्रतिभा को देख सकेंगे .

हर वार्ड में आयोजित करेंगे प्रतियोगिता

अपर आयुक्त प्रखरसिंह ने बताया कि आज और कल गांधी हाल में वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी लगाई गई है . इसके बाद ट्रिपल आर से निर्मित होने वाली वस्तुओं के नगद निगम हर वार्ड में प्रतियोगिता आयोजित करेगा और प्रदर्शनी भी लगाएगा . गांधी हॉल में लगी प्रदर्शनी में टॉप 3 को सम्मानित कर पुरस्कृत किया जाएगा .

एमजीएम कॉलेज की लैब को मिली राष्ट्रीय मान्यता

- प्रदेश की पहली सरकारी लैब बनी, जिसे यह मान्यता मिली
- सटीक जांच में अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरी लैब

नव भारत न्यूज

इंदौर. महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी प्रयोगशाला को राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से प्रमाणित करा लिया है. नवंबर 2025 में मिला यह प्रमाणन एमजीएम को मप्र का पहला ऐसा सरकारी मेडिकल कॉलेज बनाता है, जिसकी लैब को यह प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त हुई है.

यह प्रमाणन इस बात की पुष्टि करता है कि प्रयोगशाला में होने वाली सभी जांचें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सटीक और विश्वसनीय हैं. इससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता की जांच सुविधा मिल सकेगी, वहीं, चिकित्सकों को सही निदान में मदद मिलेगी, जिससे इलाज और अधिक प्रभावी होगा. एनएबीएल मान्यता का अर्थ है कि प्रयोगशाला अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) के मानकों पर कार्य कर रही है. इसके तहत नियमित गुणवत्ता नियंत्रण, निरीक्षण और ऑडिट की प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिससे सेवाओं का स्तर लगातार बेहतर बना रहता है.

इससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर मजबूत होगा आमजन का भरोसा

सरकारी संस्थान के रूप में यह उपलब्धि प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है . इससे अन्य चिकित्सा संस्थानों को भी गुणवत्ता सुधार के लिए प्रेरणा मिलेगी और आमजन का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर और मजबूत होगा . मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ . अरविंद घनघोरिया ने कहा कि एनएबीएल मान्यता संस्थान की गुणवत्ता और उत्कृष्टता का प्रतीक है . यह प्रमाणन प्रयोगशाला की सटीकता और वैज्ञानिक दक्षता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करता है और प्रदेश के अन्य चिकित्सा शिक्षण संस्थानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है .

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बनीं आकर्षण का केंद्र

- दशहरा मैदान में आज रामलला को झुलाएंगे पालने में

इंदौर. दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर चल रहे सबके राम महोत्सव में पूर्वोत्तर भारत एवं देश के अन्य राज्यों से आए हस्तशिल्प एवं महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित कलाकृतियाँ आम दर्शकों के साथ मेहमानों को भी खूब पसंद आ रही हैं। मेले में लगे स्टाल्स पर प्रतिदिन संध्या को ग्राहकों का सैलाब दिनोंदिन बढ़ रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बीती रात करीब 20 स्कूलों के बच्चों ने सुगम संगीत की प्रस्तुतियां देकर राष्ट्रभक्ति का ऐसा जज्बा कायम किया कि हर कोई सम्मोहित बना रहा. महोत्सव में गुरुवार को दोपहर 12 बजे रामनवमी की पूर्व बेला में रामलला को पालने में झुलाया जाएगा.विधायक गोलू शुक्ला सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने प्रेम मंदिर पहुंचकर आरती एवं पूजा अर्चना की।

सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि महोत्सव में बुधवार की शाम को पूर्वोत्तर से आए हस्तशिल्पियों की कलाकृतियों के मुरीदों का मेला जुटा रहा. पूर्वोत्तर के ये कलाकार अपने साथ अनेक ऐसी अनूठी कलाकृतियाँ लेकर आए हैं, जो शायद इसके पहले कभी इंदौर में देखने को नहीं मिली.

शाम को प्रेम मंदिर की प्रतिकृति में विधायक गोलू शुक्ला भी आए और उन्होंने भी राऊ नगर परिषद के अध्यक्ष शिव डिन्गू, करणी सेना के अनुराग प्रताप सिंह, रौनक ठाकुर, ऋषि राज सिंह सिसोदिया, परशुराम के अनूप शुक्ला, दीपक शुक्ला, अन्नपूर्णा के थाना प्रभारी हरीश उत्पल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों के साथ राम दरबार की आरती एवं पूजा अर्चना की. रमन योगा थेरेपी के प्रतिभाशाली बच्चों ने भी योग से जुडी अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया.

कायस्थ समाज के भगोरिया मेले में आदिवासी वेशभूषा में आए सदस्य

इंदौर. चित्रांश कायस्थ समाज महिला प्रकोष्ठ इंदौर द्वारा भगोरिया मेले का कार्यक्रम आयोजित किया गया.

इस अवसर पर कायस्थ समाज के सभीं सदस्यो ने आदिवासी वेशभूषा के साथ मेले में भागीदारी निभाई. अनेको स्टॉल से स्वादिष्ट भोजन का स्वाद लिया ।

रंगारंग कार्यक्रमों और नृत्य व गायन की प्रस्तुति दी गई. संस्था के अध्यक्ष प्रदीप भटनागर व सचिव विवेक भटनागर ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक वीना सक्सेना, रत्नेश श्रीवास्तव ,संजय निर्गुण, उमेश श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, सुरेश अजनबी ,के साथ अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम के संयोजक सत्येंद्र श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, और डॉ साधना सक्सेना थी. स्टॉल सुनीता भटनागर, रंजना भटनागर ,ज्योति श्रीवास्तव के साथ आनेको लोगों ने अपने स्टाल लगाए थे. संचालन आरती सक्सैना नीलम श्रीवास्तव और सीमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया.

एक नजर में | सभी प्रमुख मंदिरों के पुजारी बनेंगे भागीदार

विश्व ब्राह्मण समाज संघ करवाएगा 21 जोड़ों की 'घर जैसी शादी'

इंदौर. पिछले दो वर्षों में 'घर जैसी शादी' की ख्याति के साथ विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा आयोजित 21 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन इस बार भी 23 अप्रैल को अभिजीत मुहूर्त में एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर आयोजित होगा. इस आयोजन में खजराना गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों के पुजारी, श्रद्धालु, विद्वान और विप्र बंधुओं के साथ अग्रवाल-वैश्य समाजों के लोग मिलकर विवाह की व्यवस्थाओं में भागीदार बनेंगे. इस सामूहिक विवाह में शामिल सभी युगलों को गृहस्थी योग्य आकर्षक उपहार भी दिए जाएंगे। महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो चुकी हैं.

आयोजन समिति के अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत, प्रमुख सयोजक राजेश बंसल ने बताया कि सामूहिक विवाह का यह तीसरा वर्ष है. सम्मेलन के लिए आयोजित बैठक म.प्र. ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, रणजीत हनुमान मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. दीपेश व्यास, खजराना गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट एवं स्वागताध्यक्ष जगदीश बाबाश्री और संयोजक संदीप गोयल ऑटो के आतिथ्य एवं मौजूदगी में सम्पन्न हुई जिसमें सामूहिक विवाह के लिए निर्धारित आवेदन पत्र का लोकार्पण भी किया गया. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सामूहिक विवाह में शामिल दुल्हों को सूट एवं दुल्हन को चुन्नी सूट भी आयोजन समिति की ओर से पहले ही उपलब्ध कराए जाएँगे. आयोजन में सभी जोड़ों की शादी घर जैसे परम्परागत माहौल में विभिन्न रस्मों के साथ कराई जाएगी। सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले युगलों से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। गत वर्ष भी संपन्न हुए इस विवाह समारोह की ख्याति 'घर की शादी' जैसी हुई थी और भव्य बारात, स्टेज, फेरे एवं आशीर्वाद समारोह की सभी मेहमानों ने दिल खोलकर प्रशंसा की थी। आयोजन की दिव्यता को देखते हुए शहर के विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों से जुड़े राजकुमार बंसल एवं विनोद गोयल सहित 11 विशिष्टजनों की समिति का गठन किया गया है, जिनके मार्गदर्शन में यह भव्य और दिव्य महोत्सव होगा।